विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र. / परीक्षा / 2023 / 691

दिनांक : 21.4.2023

—:: संशोधित अधिसूचना ::—

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त जिलों के महाविद्यालयों में नवीन शिक्षा प्रणाली से सत्र 2022—2023 की **वार्षिक पद्धति** से प्रथम वर्ष बी.ए./ बी.कॉम./बी.एससी. **नियमित/स्वाध्यायी/पूरक प्राप्त /पूर्व** छात्र एवं बी.एच.एससी./बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.कॉम.आनर्स **में नियमित/पूर्व/पूरक प्राप्त** छात्र **तथा द्वितीय वर्ष** के बी.ए./ बी.कॉम./बी.एससी. के नियमित/स्वाध्यायी एवं बी.एच.एससी./बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.कॉम.आनर्स **में नियमित** विद्यार्थियों की वार्षिक प्रणाली की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यार्थियों से परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय/ अध्ययनशालाओं में एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से जमा करवाये जाने हेतु निम्नानुसार तिथियॉ घोषित की जाती है :—

नोट :— **ऐसे विद्यार्थी जिन्होने पुरानी पद्धति से स्नातक प्रथम वर्ष उत्तीर्ण किया है वे विद्यार्थी नवीन शिक्षा पद्धति(NEP) द्वितीय वर्ष में पूर्व छात्र के रूप में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन करेंगें साथ ही प्रथम वर्ष के नवीन शिक्षा पद्धति(NEP) के शेष प्रश्नपत्र की भी परीक्षा अनिवार्य रूप से देना होगी। इस हेतु यदि अलग से आवेदन करना होगा तो छात्र आवश्यक रूप से आवेदन करें। साथ ही प्राचार्य अपने स्तर पर यह सुनिश्चित कर लेवें कि विद्यार्थि द्वारा चयनित विषय सही हो त्रुटि पाये जाने पर महाविद्यालय की जवाबदारी होगी।**

(1) बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र

"दिनांक 02 मई, 2023 तक"

(2) विलम्ब शुल्क रूपये 100/— के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि —

"दिनांक 03 मई, 2023 से 04 मई , 2023 तक"

(3) विलम्ब शुल्क रू. 750/— के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि —

"दिनांक 05 मई , 2023 से 06 मई, 2023 तक"

(4) विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/— के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि —

"दिनांक 07 मई, 2023 से प्रत्येक पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक"

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा—निर्देश —

01) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

02) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/— प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/— प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

03) नवीन शिक्षा नीति के तहत प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्करूपये 250/— तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 200/— संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।

04) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।

05) संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

06) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **तीन (03) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/— (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

07) समस्त महाविद्यालय विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्बद्धता/निरंतरता प्रमाण—पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें इसके अभाव में परीक्षा आवेदनपत्र स्वीकार्य नहीं किये जावेगें।

आदेशानुसार

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

क्रमांक / परीक्षा / 2023 / 692 दिनांक : 21.4.2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्राचार्य संबंधित संस्थान / उज्जैन की ओर भेजकर निवेदनहैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान / अध्ययनशाला / महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक / मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय / पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा / गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक / प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)